क्षतिपूर्ति प्रोग्राम: पीड़ितों के लिए जानकारी

RESTITUTION PROGRAM: Information for Victims [Hindi]

यदि आप भुगतान न किया गया क्षतिपूर्ति ऑर्डर (Restitution Order) लेने का प्रयास कर रहे हैं, तो सहायता उपलब्ध है।

रेस्टि्यूशन (क्षतिपूर्ति) क्या है?

यदि किसी अपराध के परिणामस्वरूप किसी पीड़ित को वित्तीय नुकसान होता है, तो उसे अपराधकर्ता से "क्षतिपूर्ति" के तौर पर वित्तीय क्षतिपूर्ति मांगने का अधिकार होता है। सजा के भाग के तौर पर, न्यायाधीश एक क्षतिपूर्ति ऑर्डर (क्षतिपूर्ति आदेश) दे सकते हैं, जिसके अनुसार यह जरूरी होता है कि अपराधकर्ता पीड़ित को क्षतिपूर्ति का भुगतान करे और यदि ऐसी क्षतिपूर्ति का भुगतान नहीं किया जाता है तो पीड़ित ऐसे आदेश को सिविल न्यायालय में लागू करवा सकता है।

क्षतिपूर्ति प्रोग्राम (क्षतिपूर्ति कार्यक्रम) क्या है?

क्षतिपूर्ति प्रोग्राम में क्षतिपूर्ति के संबंध में जानकारी प्रदान की जाती है, जिसमें यह जानकारी भी शामिल है कि आप अपना भुगतान न किया गया आदेश कैसे एकत्र कर सकते हैं। जहां उपयुक्त होगा, क्षतिपूर्ति प्रोग्राम में एक फाइल खोली जाएगी ताकि किसी अपराधकर्ता से आपको भुगतान दिलवाने में सहायता की जा सके।

क्षतिपूर्ति प्रोग्राम में कौन आवेदन कर सकता है (या इसके लिए किसे रेफर किया जा सकता है)?

- ✓ क्या आपको किसी क्षतिपूर्ति ऑर्डर का पैसा देय है जिसका पूरा भुगतान नहीं किया गया है?
- ✓ क्या यह क्षतिपूर्ति ऑर्डर बी.सी. प्रोविंस के किसी वयस्क फौजदारी न्यायालय द्वारा जारी किया गया था?

यदि आपने इन प्रश्नों का उत्तर "हां" में दिया है, तो आप इस ब्रोशर के पीछे की तरफ दिए गए फॉर्म का उपयोग करके क्षतिपूर्ति प्रोग्राम में आवेदन दे सकते हैं और यह फॉर्म www.gov.bc.ca/victimrestitution पर भी उपलब्ध है। यदि आप इन प्रश्नों के उत्तर निश्चयपूर्वक नहीं दे सकते, तो कृपया क्षतिपूर्ति प्रोग्राम में संपर्क करें। टिप्पणी: कुछ स्थितियों में, क्षतिपूर्ति प्रोग्राम द्वारा फाइल खोले जाने के लिए परिवीक्षा अधिकारी की अनुमति की आवश्यकता हो सकती है।

क्षतिपूर्ति प्रोग्राम क्या करता है?

- हम इस प्रोग्राम में अपराधकर्ता को शामिल करने पर काम करते हैं और उसे क्षतिपूर्ति ऑर्डर का समय पर पालन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।
- हम अपराधकर्ता से पूरा या आंशिक क्षतिपूर्ति ऑर्डर भुगतान स्वीकार करते हैं (किस्तों सहित) और उसकी ओर से आपको भुगतान करते हैं।
- हम राशियों की गणना करते हैं ताकि कई पीड़ितों के बीच क्षतिपूर्ति ऑर्डरों पर आनुपातिक भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।
- हम आपको भुगतान की नवीन स्थिति के बारे में बताते हैं।

क्षतिपूर्ति प्रोग्राम के साथ काम करने के क्या लाभ हैं?

- क्षतिपूर्ति प्रोग्राम में आपके शामिल होने के लिए सिविल या फौजदारी न्यायालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होती।
- अपराधकर्ता के साथ संपर्क जरूरी नहीं है।
- भाग लेने से आपको वह क्षतिपूर्ति प्राप्त करने में मदद मिलती है जो आपको देय होती है।

मेरे आवेदन करने के बाद क्या होगा?

जब आप क्षतिपूर्ति प्रोग्राम में आवेदन करेंगे तो उसके बाद:

चरण 1: हम यह सुनिश्चित करने के लिए आपके आवेदन का मूल्यांकन करेंगे कि हम क्षतिपूर्ति भुगतान में आपकी सहायता कर सकते हैं।

चरण 2: हम क्षतिपूर्ति ऑर्डर पर दिए गए अपराधकर्ता से संपर्क करेंगे कि वह इस प्रोग्राम के साथ मिलकर काम करे।

चरण 3: हम अपराधकर्ता के साथ भुगतान विकल्पों पर चर्चा करेंगे ताकि उसे ऑर्डर का अनुपालन करने के लिए सर्वोत्तम प्लान हेतु प्रोत्साहित किया जा सके।

चरण 4: भुगतान शुरू हो सकते हैं।

चरण 5: हम अपराधकर्ता से प्राप्त क्षतिपूर्ति राशि आपको तथा क्षतिपूर्ति ऑर्डर में दिए गए अन्य पीड़ितों को अग्रेषित करेंगे।
चरण 6: हम भुगतान की प्रगति पर निगरानी के लिए आपको "क्षतिपूर्ति भुगतान के विवरण" उपलब्ध कराएंगे।

हम निरंतर आधार पर क्षतिपूर्ति ऑर्डर में दिए गए सभी पक्षों के सुरक्षा सरोकारों पर विचार करते हैं।

यदि आप एक अपराधकर्ता हैं और इसे पढ़ रहे हैं:
हम आपको इस ब्रोशर के पीछे दिए गए आवेदन को पूरा करने के लिए आमंत्रित करते हैं अथवा अधिक जानकारी के लिए क्षतिपूर्ति प्रोग्राम में संपर्क करें।

यदि मैं न्यायालय द्वारा आदेश दी गई क्षतिपूर्ति का भुगतान नहीं कर पाता(ती) तो क्या होगा?
कृपया हमसे संपर्क करें चाहे आप कुछ भी सोचते हों कि आप अभी भुगतान कर सकते हैं या नहीं। क्षतिपूर्ति प्रोग्राम, न्यायालय द्वारा आदेश दी
गई क्षतिपूर्ति के मामले में समय पर अनुपालन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। हम मानते हैं कि हमारे क्लाइंट्स के अनेक प्रकार के वित्तीय दायित्व होते हैं; हम आपके लिए व्यावहारिक भुगतान लक्ष्य तैयार करते समय व्यक्तिगत क्षमता को ध्यान में रखते हैं (जैसे, भुगतान को पूरा करने के लिए समयावधि; प्रति किस्त भुगतान की जाने वाली राशि)।

यदि मैं संघीय अभिरक्षा (फेडरल कस्टडी) में हूं तो क्या होगा?
जब आप संघीय अभिरक्षा में होते हैं तो उस दौरान अपने सांस्थानिक बैंक खाते से क्षतिपूर्ति प्रोग्राम को भुगतान कर सकते हैं। हम शुरूआत करने में आपकी सहायता कर सकते हैं।

क्षतिपूर्ति प्रोग्राम और क्या कार्य करता है?

- उन पीड़ितों को सहायता और जानकारी उपलब्ध कराता है जिनके भुगतान न किए गए क्षतिपूर्ति ऑर्डर होते हैं;
- क्षतिपूर्ति ऑर्डरों के संबंध में सामान्य पूछताछ का जवाब देता है;
- उपयुक्त संसाधनों के लिए रेफर करता है; और
- सिविल न्यायालय प्रक्रियाओं के माध्यम से क्षतिपूर्ति ऑर्डरों पर एकत्रण के संबंध में सामान्य जानकारी उपलब्ध कराता है।

मैं क्षतिपूर्ति प्रोग्राम से कैसे जुड़ सकता(ती) हूं?

Restitution Program
Ministry of Public Safety and Solicitor General
PO Box 5550 Station Terminal
Vancouver BC V6B 1H1
लोवर मेनलैंड फोन: 604-660-4898
टोल फ्री: 1-844-660-4898
ई-मेल: Restitution@gov.bc.ca
फैक्स: 604-660-5340
वेबसाइट: www.gov.bc.ca/victimrestitution

To apply to the Restitution Program, please complete and sign this application form and return it to the address below. / क्षतिपूर्ति प्रोग्राम में आवेदन करने के लिए, इस फार्म को पूरा करके इस पर हस्ताक्षर करें और नीचे दिए गए पते पर लौटा दें।

The Restitution Program processes applications in English only. Please provide the following information in English./ रेस्टिट्यूशन प्रोग्राम केवल अंग्रेज़ी में भरे आवेदन पत्रों पर ही कार्यवाही करता है। कृपया निम्न जानकारी अंग्रेज़ी में प्रदान करें।

Restitution Program Application Form / क्षतिपूर्ति प्रोग्राम आवेदन फॉर्म

Applicant Information / आवेदक से संबंधित जानकारी

Victim Name / पीड़ित का नाम:_______________ Date of Birth (YY-MM-DD) / जन्मतिथि (वर्ष-माह-दिन):_______________

Assigning a Victim Designate–Victims have the option of assigning a designate to communicate with the Restitution Program on their behalf / पीड़ित के लिए नामजद करना - पीड़ितों के पास यह विकल्प होता है कि वे अपनी ओर से क्षतिपूर्ति प्रोग्राम के साथ बातचीत के लिए कोई व्यक्ति नामजद कर सकते हैं:

❑ I hereby authorize/ मैं एतद्द्वारा LAST / अंतिम, _______________, FIRST / प्रथम_______________

to act on my behalf for the purposes of involvement with the Restitution Program which includes personal information pertaining to me. / को अपनी ओर से क्षतिपूर्ति प्रोग्राम के साथ शामिल होने के प्रयोजनों हेतु प्राधिकृत करता(ती) हूं, जिसमें मुझसे संबंधित व्यक्तिगत जानकारी भी शामिल है।

Contact Information for Victim (or Victim Designate) / पीड़ित (अथवा पीड़ित के नामजद व्यक्ति) के लिए संपर्क जानकारी

Name of Victim Designate (if applicable) / पीड़ित के नामजद व्यक्ति का नाम (यदि लागू हो): _______________

Mailing Address (Apt., Street, PO Box) / डाक का पता (अपार्ट., स्ट्रीट, पीओ बॉक्स):_______________

City/Town, Province, Postal Code / शहर/कस्बा, प्रोविंस, डाक कोड:_______________

Home phone / घर का फोन:_______________ Detailed msg ok? / विस्तृत संदेश ठीक है? ❑

Cell phone / सेल फोन: _______________ Detailed msg ok? / विस्तृत संदेश ठीक है? ❑

Email Address / ई-मेल पता:_______________ Detailed msg ok? / विस्तृत संदेश ठीक है? ❑

Restitution Order Information / क्षतिपूर्ति ऑर्डर से संबंधित जानकारी

Court file number(s) / न्यायालय फाइल संख्या(एं):_______________ Court Location / न्यायालय का स्थान:_______________

Offender Name / अपराधकर्ता का नाम:_______________

Relationship to offender / अपराधकर्ता के साथ संबंध:_______________

Victim Service Worker / पीड़ित सेवा कार्यकर्ता

Victim Service Worker Name / पीड़ित सेवा कार्यकर्ता का नाम:_______________ Program Name / प्रोग्राम का नाम:_______________

Phone number / फोन नंबर:_______________ Email Address / ई-मेल पता:_______________

Where possible, please include a copy of the Restitution Order when submitting this application. / जहां संभव हो, इस फार्म को प्रस्तुत करते समय कृपया क्षतिपूर्ति ऑर्डर की एक प्रति शामिल करें।

By signing this form, I am applying to the Restitution Program for assistance in the facilitation of my restitution order and I confirm that I am the individual named on this form (or the parent/guardian/legal representative of the victim named on this form). Where applicable, I give permission to the Restitution Program to release information to the Victim Designate I have named above. / इस फॉर्म पर हस्ताक्षर करके, मैं अपने क्षतिपूर्ति ऑर्डर को सुगम बनाने में सहायता हेत क्षतिपूर्ति प्रोग्राम में आवेदन कर रहा(ही) हूं और मैं पुष्टि करता(ती) हूं कि मैं वही व्यक्ति हूं जिसका नाम इस फॉर्म पर दिया गया है (अथवा इस फॉर्म पर दिए गए पीड़ित का माता-पिता/अभिभावक/कानूनी प्रतिनिधि हूं)। जहां लागू हो, मैं क्षतिपूर्ति प्रोग्राम को अनुमति प्रदान करता(ती) हूं कि वह उस पीड़ित नामजद को जानकारी जारी कर सकता है जिसका नाम मैंने ऊपर दिया है।

Signed / हस्ताक्षरित:_______________ Date / दिनांक:_______________

If you are an offender reading this, please complete the form as appropriate and provide the following information / यदि आप एक अपराधकर्ता हैं और इसे पढ़ रहे हैं, तो कृपया फॉर्म को उचित रूप से पूरा करें और निम्नलिखित जानकारी उपलब्ध कराएं:

Parole/Probation Officer Name / परोल/परिवीक्षा अधिकारी का नाम:_______________ PO Phone Number / पीओ का फोन नंबर:_______________

PO Email (if known) / पीओ का ई-मेल (यदि ज्ञात हो):_______________ Custody Location (if applicable) / अभिरक्षक का स्थान (यदि लागू हो):_______________

Collection Notice / एकत्रण नोटिस

The collection of your personal information as part of the Restitution Program is authorized under section 26(c) of the Freedom of Information and Protection of Privacy Act for the sole purposes of facilitating restitution payments. If you have any questions about the collection of your personal information please contact: Restitution Program Manager, PO Box 5550 Station Terminal, Vancouver, BC V6B 1H1. / क्षतिपूर्ति प्रोग्राम के भाग के तौर पर आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने का कार्य फ्रीडम ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड प्रोटेक्शन ऑफ प्राइवेसी एक्ट (जानकारी की स्वतंत्रता और निजता सुरक्षा अधिनियम) की धारा 26(c) के तहत पूर्ण रूप से क्षतिपूर्ति भुगतानों को सुगम बनाने के प्रयोजनों के लिए प्राधिकृत है। यदि आपके मन में अपनी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र किए जाने को लेकर कोई भी प्रश्न हो, तो कृपया संपर्क करें: क्षतिपूर्ति प्रोग्राम मैनेजर, पीओ बॉक्स 5550 स्टेशन टर्मिनल, वैंकूवर, बीसी V6B 1H1

Please submit your completed application via mail, fax or email to /
कृपया अपना पूरा किया गया आवेदन डाक, फैक्स अथवा ई-मेल के माध्यम से निम्नलिखित को

Restitution Program
PO Box 5550 Station Terminal
Vancouver, BC, V6B 1H1
Email / ई-मेल: Restitution@gov.bc.ca
Fax / फैक्स: 604-660-5340